प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

31 अगस्त 2023

**अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अगस्त 2023**

अगस्त 2023 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों से संबंधित आंकड़े।

**मुख्य बातें:**

**उधार दर:**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) जून 2023 में 9.20 प्रतिशत से 24 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर जुलाई 2023 में 9.44 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर जून 2023 में 9.82 प्रतिशत से 2 बीपीएस बढ़कर जुलाई 2023 में 9.84 प्रतिशत हो गई।[1]
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका जुलाई 2023 में 8.63 प्रतिशत से घटकर अगस्त 2023 में 8.60 प्रतिशत रह गई।

**जमा दर:**

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मियादी जमा पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जून 2023 में 6.34 प्रतिशत से 1 आधार अंक बढ़कर जुलाई 2023 में 6.35 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मियादी जमा पर भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जून 2023 में 6.47 प्रतिशत से 7 बीपीएस बढ़कर जुलाई 2023 में 6.54 प्रतिशत हो गई।[1]

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/846**

[1] आंकड़ों में किसी गैर-बैंक के बैंक में विलय के प्रभाव शामिल नहीं हैं।